फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री चन्द्रप्रकाश माली पिता श्री मोहनलाल माली निवासी सेवंत्री तहसील गढबोर जिला राजसमंद

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ
लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, गढबोर

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 02/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 21.03.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई जाकर प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3)(I)(II) के तहत तहसीलदार, गढबोर को अंतरित कर देने तथा समय पर सूचना उपलब्ध नहीं करवाने से इस कार्यालय में प्रस्तुत प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ एवं तहसीलदार, गढबोर को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ द्वारा जरिये पत्रांकः सू.का.अधि.05/2023/377 दिनांक 21.03.2023 एवं तहसीलदार, गढबोर द्वारा जरिये पत्रांक सूचनाकाअधि./2023/109 दिनांक 13.02.2023 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, गढबोर द्वारा पत्रांकः राजस्व/RTI/2022/224 दिनांक 30.11.2022 को उपलब्ध करवादी है तथा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ द्वारा भी दिनांक 21.03.2023 को सूचना इस कार्यालय को भिजवाते हुए प्रति अपीलार्थी को पृष्ठाकिंत जा चुकी है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ एवं तहसीलदार, गढबोर की रिपोर्ट तथा अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ एवं तहसीलदार, गढबोर की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना उपलब्ध करादी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, कुंभलगढ एवं तहसीलदार, गढबोर को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)